मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का शुभारम्भ

यूआईटी ऑडिटोरियम भरतपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

भरतपुर, (निसं)। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने राजस्थान के किसानों के लिये मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का शुभारम्भ रविवार को टोंक जिले के कृषि उपज मण्डी प्रांगण से राज्य स्तरीय समारोह के दौरान किया। इस दौरान प्रदेश के 65 लाख से अधिक किसानों को योजना के तहत प्रथम किश्त के रूप में 650 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का हस्तान्तरण सीधा किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को सशक्त, समृद्व एवं उन्नतशील बनाने के लिये प्रदेश सरकार सदैव समर्पित है। राज्य सरकार समृद्व किसान, खुशहाल राजस्थान की परिकल्पना को साकार करने के लिये प्रतिबद्व है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की मंशानुरुप प्रदेश का किसान अब सम्मान के साथ कृषि संबंधी आवश्यकताओं को पूरी कर पायेगा। जिला प्रशासन एवं सहकारिता विभाग भरतपुर के द्वारा यूआईटी ऑडिटोरियम भरतपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वैर विधायक बहादुर सिंह कोली एवं स्थानीय जनप्रतिनिधिगण व किसान उपस्थित रहे। जिला कलक्टर ने बताया कि मुख्यमंत्री ने प्रदेश की विषम भौगोलिक परिस्थितियों एवं किसानों की कृषि संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुये किसानों को प्रतिवर्ष 2 हजार रुपये की अतिरिक्त राशि देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत जिले के 2 लाख 45 हजार से अधिक पात्र लाभार्थी किसानों को इसका फायदा मिलेगा। जिला कलक्टर ने बताया कि किसानों को प्रथम किश्त के रूप में एक हजार रूपये हस्तान्तरित किये गए तथा दूसरी व तीसरी किश्त के रूप में 500-500 रुपये उनके खातों में पीएम किसान सम्मान निधि योजना की किश्त के साथ हस्तान्तरित किये जायेंगे। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री पात्र किसानों से वर्चुअल माध्यम से जुडे साथ ही पात्र किसानों के खातों में एक हजार रूपए की पहली किस्त का डीबीटी के माध्यम से हस्तानांतरित की गई। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत प्रथम किश्त के रूप में भरतपुर जिले के 2 लाख 45 हजार 791 पात्र लाभार्थी किसानों के खातों में 24 करोड 57 लाख 91 हजार रूपये की राशि का हस्तांतरण डीबीटी के माध्यम से किया गया। मुख्यमंत्री शर्मा ने समारोह के दौरान भरतपुर जिले के ग्राम अटारी निवासी पात्र लाभार्थी किसान राकेश शर्मा से वर्चुअल संवाद किया। संवाद के दौरान राकेश शर्मा ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित करते हुये बताया कि मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत प्रथम किश्त के रूप में एक हजार रूपये की राशि उन्हें प्राप्त हो चुकी है।

सार-समाचार

सेवानिवृत्त होने पर किया सम्मान

सूरौठ, (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खरैरी बागरैन से सेवानिवृत होकर अपने गांव सूरौठ आने पर ग्रामवासियों ने सेवानिवृत्ति शिक्षक धर्मसिंह मीणा का किया भव्य स्वागत सम्मान जिस पर समाजसेवी वकील मीना, सिप्पी शर्मा,राजीव मीना, केशव शर्मा,रजनीश मीना अवधेश शर्मा राजेश मीना सोनू मीना देवीसिंह मीना भोला मीना व अमरसिंह मीना ने जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षक के सेवानिवृत होकर अपने गांव आने पर कस्बे के लोकप्रिय आराध्य देव बूडन्दें मां मंदिर परिसर में मीणा ने ढोक लगाकर लिया आशीर्वाद व शिक्षक मीना का कस्बे के प्रमुख मागों से होते हुए जुलूस निकाला गया जिस पर धर्मसिंह मीणा शिक्षक का सर्व समाज के लोगों ने माला व साफा पहनाकर जोरदार तरीके से भव्य स्वागत सम्मान किया गया खरैरी बागरैन ठाम के ठामीणों ने शिक्षक धर्मसिंह मीणा के कार्यकाल की प्रशंसा,इसी प्रकार राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरौठ से लैब टैक्नीशियन सतीश शर्मा हुक्मीखेड़ा ,कम्पाउन्ड रामेश्वर जाटव धुरसी का सेवानिवृत्त होकर अपने गांव पहुंचने पर ग्रामवासियों ने किया भव्य स्वागत सम्मान,दीपक गुधैनिया ने जानकारी देते हुए बताया कि लैब टैक्नीशियन सतीश शर्मा व कम्पाउन्ड रामेश्वर जाटव का बैड बाजों के साथ भव्य जूलूस निकाला गया व सूरौठ सरपंच निवास पर रामवतार शर्मा धीरेन्द्र शर्मा चंदशेखर शर्मा, लाला, दिलीप चौधरी, ओमप्रकाश पचौरी प्रशांत शर्मा मिमी शर्मा,टीपू विजयवर्गीय,सहित कस्बे के प्रबुद्ध जनों ने माला व साफा पहनाकर जोरदार तरीके से भव्य स्वागत सम्मान किया गया स्टाफ कर्मियों ने दोनों कमियों के कार्यकाल कि प्रशंसा इस मौके पर कई लोग रहें उपस्थि।

अनुदान के लिए लॉटरी से होगा चयन

करौली, (निसं)। उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाओ में आवेदन करने वाले किसानों को अब अनुदान के लिए लम्बा इंतजार नहीं करना होगा। उपनिदेशक उद्यान करौली रामलाल जाट ने बताया कि राज्यसरकार ने विभाग के माध्यम से संचालित विभिन्न योजनाओ यथा ठाीन हाउस पॉली हाउस,शेडनेट हाउस,प्लास्टिक मल्च,प्लास्टिक टनल,सामुदायिक जल स्त्रोत,नवीन बगीचा स्थापना, कम लागत के प्याज भण्डारण संरचना,पैक हाउस, वर्मी कम्पोस्ट इकाई, अधिक मूल्य वाली सब्जियां हाई वेल्यू इत्यादि हेतु किसानो के चयन का कार्यक्रम जारी कर दिया है। उद्यान आयुक्तालय से जारी गाईडलाईन के अनुसार दिनॉक 16.मई से 30.जून की अवधि मे राज किसान साथी पोर्टल के माध्यम से आवेदन करने वाले कृषकों एवं वर्ष 2022-23 व 2023-24 मे जिन कृषको ने राज किसान साथी पोर्टल पर आवेदन किया था परन्तु उनका चयन वरीयता सूची मे नही आने के कारण लाभान्वित नहीं किया गया उन कृषकों के आवेदन पत्र राज किसान साथी पोर्टल पर वर्ष 2024-25 केरीफार्वड करते हुये पात्र माना जावेगा। इन सभी आवेदन पत्रों को सम्मिलित कर आवंटित लक्ष्यों के डेढ गुणा 150 प्रतिशत से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति मे ही पात्र कृषकों का चयन लॉटरी/रैंडोमाईजेशन प्रक्रिया द्वारा किया जाना है। विभिन्न योजनाओ में अनुदान के लिए आवेदन करने वाले किसानो का चयन इसी महीने 05.जुलाई तक किया जावेगा। विभाग की सभी योजनाओ में किसानो के चयन के लिए इस बार आयुक्तालय स्तर पर गठित कमेटीकी निगरानी में एक साथ लॉटरी निकाली जावेगी। चयन प्रक्रिया में उन्ही किसानो को शामिल किया जाएगा, जिन्होने विभाग को राज किसान साथी पोर्टल या ई-मित्र के जरिये 30.जून तक ऑनलाईन आवेदन किया है। 30 जून के बाद प्राप्त आवेदनों को अगले साल के लिए लम्बित रखा जाएगा ।

प्री-बीएसटीसी परीक्षा संपन्न

करौली, (निसं)। करौली सहित उपखंड मुख्यालय हिंडौन सिटी के 57 परीक्षा केंद्रों पर रविवार को प्री-बीएसटीसी परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में 17 हजार 531 परीक्षार्थी ने परीक्षा दी जबकि 18 हजार 701 अभ्यर्थी रजिस्टर थे। इनमें से 1170 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के लिए प्रातः से ही परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों का पहुंचना शुरू हो गया। अभ्यर्थियों को कड़ी जांच के बाद ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। इस दौरान कुछ छात्र निर्धारित समय के बाद पहुंचे जिन्हें केंद्र में प्रवेश नहीं दिया गया। परीक्षा के जिला समन्वयक व गवर्नमेंट कॉलेज प्रिंसिपल विश्राम बैरवा ने बताया- प्री-बीएसटीसी परीक्षा के लिए जिले में कुल 57 परीक्षा केन्द्र बनाए गए। उन्होंने बताया करौली में 23,हिंडौन सिटी में 32 और श्रीमहावीरजी में दो परीक्षा केंद्र बनाए गए। जिला सह समन्वयक ने बताया कि परीक्षा के दौरान परीक्षार्थी को एडमिट कार्ड के साथ अपना मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र भी साथ लाना अनिवार्य था। परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए सभी केन्द्रों पर पुलिस माकूल व्यवस्था की गई। उन्होने बताया कि परीक्षा में नकल और गड़बड़ी रोकने के लिए केन्द्रों पर प्रत्येक कक्ष में दो-दो वीक्षक लगाए गए केन्द्रों पर पुलिस-प्रशासन की ओर से कड़ी चौकसी रखी गई सभी केन्द्रों पर केन्द्र पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए। इस दौरान अभ्यार्थियों और उनके परिजनों के केंद्र पर पहुंचने के लिए रोडवेज बस, प्राइवेट बस सहित अन्य वाहनों में भीड़ रही।

विचार गोष्ठी का आयोजन

भुसावर, (निसं)। कृषि महाविद्यालय भुसावर पर राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के उपलक्ष में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने कहा कि आधुनिक युग में देश, राज्य, संस्था और व्यक्तिगत विकास की योजनाऐं बनाने व उनका क्रियान्वयन करने में सांख्यिकी का विशेष महत्व है। किसी भी योजना को बनाने के लिए डेटा की जरूरत होती है जैसे हमें देश की खाद्य जरूरतों को पूरा करने के लिए सालाना कृषि विकास दर 4 प्रतिशत निर्धारित की तो उसके लिए अनुसंधान, सिंचाई के पानी, अच्छे कृषि यंत्र, बीज, उच्च तकनीक, प्रसंस्करण आदि के लिए योजना तैयार की जाती है तथा तदनुरूप बजट का आवंटन होता है। इसी तरह चिकित्सा, शिक्षा, सड़क, उद्योग, दूरसंचार आदि तमाम क्षेत्रों के विकास के लिए सांख्यिकीय आंकड़े एवं उनकी गणना तथा क्रियान्वयन विधि का निर्धारण किया जाता है। अतः सांख्यिकी किसी भी विकास योजना का आधार है। डॉ उदय भान सिंह ने कहा कि यह दिवस प्रथम योजना आयोग के सदस्य प्रोफेसर प्रशांत चन्द्र महालनोबिस के जन्मदिन के उपलक्ष में मनाया जाता है। प्रोफेसर महालनोबिस का जन्म 29 जून 1893 को कलकत्ता में एक धनी और शैक्षिणक रूप से उन्मुख बंगाली परिवार में हुआ था। उन्होंने सन् 1931 में भारतीय सांख्यिकी संस्थान स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

योगेंद्र डागुर बने पुनः जिला संयोजक

करौली, (निसं)। करौली जिले की उपतहसील शेरपुर निवासी योगेंद्र डागुर को एबीवीपी करौली जिला का पुनः जिला संयोजक का दायित्व दिया गया है। एबीवीपी के जयपुर प्रान्त का अभ्यास वर्ग दिनांक 24 से 27 जून को टोंक में आयोजित हुआ जिसमें प्रान्त अध्यक्ष डॉ जिनेश ने संगठन के प्रशासन की दृष्टि से प्रान्त के विविध दायित्वों की घोषणा की। योगेंद्र डागुर छात्र जीवन में 2019 से अभाविप के संपर्क में आए और 2020 से लगातार दायित्ववान है। इससे पूर्व परिषद में इकाई अध्यक्ष नगर मंत्री,जिला समिति सदस्य दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। गत 2023 मे जिला संयोजक बनने के बाद संगठन कार्य में अच्छा योगदान दिया और अगस्त 2023 मे पूर्व सरकार मे हुए पेपर लीक, महिला उत्पीड़न के खिलाफ करौली से न्याय पद यात्रा सफल रही। जिससे डागुर को पुनः जिम्मेदारी दी।

जाट समाज चौरासी की सभा 3 को

हिण्डौन, (निसं)। जाट समाज चौरासी की आम सभा 3 जुलाई बुधवार को सुबह 11.00बजे जाट छात्रावास हिण्डौनसिटी में रखी गई है। जाट समाज चौरासी महामंत्री देवीसिंह सोलंकी ने बताया कि जाट समाज चौरासी की आम सभा की अध्यक्षता जाट समाज चौरासी अध्यक्ष गजानंद चौधरी करेंगे। आम सभा में 11 जून की आम सभा मे लिये गये समाज हित के बिन्दुओं की पालनार्थ पर चर्चा की जाएगी।

डायरिया की रोकथाम के लिए चलेगा अभियान

करौली, (निसं)। जिले में डायरिया की रोकथाम के लिए 1 जुलाई से 31 अगस्त तक अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की ओर से विस्तृत गाइड लाइन जारी कर दी गई है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश चंद मीणा ने बताया कि इस बार की थीम डायरिया की रोकथाम,सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान्य रखी गई है। उन्होंने बताया कि अभियान 8 सप्ताह के लिए चलाया जाएगा। इन आठ सप्ताह में आशाएं 5 साल तक के बच्चों का घर-घर जाकर सर्वे करेंगी और ओआरएस के पैकेट तथा जिंक टेबलेट्स का वितरण करेंगी।डिप्टी सीएमएचओ डॉ. सतीश चंद मीणा ने बताया कि सभी राजकीय चिकित्सालयों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों तथ आंगनबाडी केन्द्रों पर ओआरएस जिंक कार्नर स्थापित किए जाएंगे। इस दौरान उपचार के लिए आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को डायरिया के लक्षण और बचाव के प्रति जागरूक भी किया जाएगा। इन कॉर्नर्स की मदद से ओआरएस तथा जिंक टेबलेट्स का निशुल्क वितरण भी आवश्यकतानुसार किया जाएगा। अभियान से पूर्व सभी राजकीय चिकित्सा संस्थानों पर डायरिया नियंत्रण अभियान को गति देने के लिए ओआरएस, आईवी फ्लूड और जिंक टेबलेट्स की आपूर्ति की जाएगी। उन्होंने बताया कि अभियान में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, ठामीण विकास विभाग, जलदाय विभाग, नगर निकाय का सहयोग भी लिया जाएगा।

डा. शर्मा बने जिलाध्यक्ष

गंगापुर सिटी, (निसं)। विप्र सेना ब्राह्मण समाज संगठन के संरक्षक रामचरण बोहरा, प्रदेश अध्यक्ष राजेश तिवारी व प्रदेश उपाध्यक्ष पवन शर्मा के प्रस्ताव अनुसार प्रदेश संगठन महामंत्री नवीन शर्मा द्वारा विप्र सेना जिला गंगापुर सिटी के जिला अध्यक्ष पद पर भगवती एजुकेशन के डायरेक्टर डॉ॰ अनुज कुमार शर्मा को नियुक्त किया। डॉ॰अनुज कुमार शर्मा के जिला अध्यक्ष बनने पर पूर्व सभापति हरिप्रसाद बोहरा, श्यामसुंदर शर्मा, गिरधारी शर्मा, कमलेश जोशी, कृपा शंकर उपाध्याय, शिवराम शर्मा, राकेश उपाध्याय, अजय पाराशर, अमित महंत, हरिकिशन भारद्वाज, राम भरोसी शर्मा सहित अनेक ब्रह्म जनों ने उन्हें बधाई दी।

तिथि बढ़ाई

गंगापुर सिटी, (निसं)। सरकारी कॉलेजों में शैक्षणिक सत्र 2023-24 के विद्यार्थियों की सामाजिक एवं न्याय अधिकारिता विभाग की स्कॉलरशिप के लिए ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन की अंतिम तिथि अब 31 जुलाई तक बढा दी गई है। राजकीय पीजी कॉलेज गंगापुर सिटी की प्रिंसिपल सुमित्रा मीणा और राजकीय गर्ल्स कॉलेज वजीरपुर के नोडल अधिकारी प्रोफेसर रमेश बैरवा ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 के विद्यार्थियों को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की स्कॉलरशिप के लिए ऑनलाइन पंजीकरण एवं आवेदन की अंतिम तिथि 1 जुलाई 2024 तक बढा दी गई है। उल्लेख है कि अतिरिक्त निदेशक स्कॉलरशिप सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग राजस्थान सरकार के 24 मार्च 2024 के आदेश अनुसार 2023-24 में राजस्थान के मूल निवासी विद्यार्थियों के लिए अनुसूचित जाति, जनजाति, मुख्यमंत्री सर्वजन उच्च शिक्षा उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं में ऑनलाइन पंजीकरण व आवेदन हेतु अंतिम तिथि 30 जून 2024 रखी गई थी।

गंगापुर सिटी में नन्हे बच्चों ने गटकी पोलियो की दवा

गंगापुर सिटी में पोलियो की दवा पिलाते टीम के सदस्य।

गंगापुर सिटी, (निसं)। चिकित्सा विभाग की ओर से सघन पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान रविवार को शुरू हुआ। अभियान की शुरुआत सीएमएचओ डॉ. बत्तीलाल मीणा ने रविवार सुबह अमरगढ चौकी की मालियों की ढाणी में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में नन्हे बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर की।

जिले में शून्य से पांच साल तक के 1 लाख 41 हजार 418 बच्चों को पोलियो खुराक पिलाने का लक्ष्य है। अभियान के तहत गंगापुर सिटी गवर्नमेंट अस्पताल, उदेई मोड अस्पताल सहित अलग-अलग जगहों पर बनाए गए पोलियो बूथ पर ० से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में एएनएम, आंगनबाडी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी आदि टीम बूथ पर पोलियो की खुराक पिलाने के लिए लगी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बत्तीलाल मीणा ने बताया कि रविवार को बूथों पर स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा बच्चों को पोलियोरोधी खुराक पिलाई जाएगी।

वहीं, आगामी दो दिन वंचित रहने वाले बच्चों को घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो वैक्सीन पिलाई जाएगी। उन्होंने बताया- अभियान के तहत जिले में शून्य से पांच साल तक के 1 लाख 41 हजार 418 बच्चों को पोलियो खुराक पिलाने का लक्ष्य है।

उन्होंने जिले के ऐसे सभी माता पिता, जिनके बच्चे ० से 5 साल के हैं, उनसे पोलियो बूथ पर जाकर अपने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने की अपील की। उन्होंने बताया कि अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए कुल 951 बूथ बनाए गए हैं। वहीं घर-घर भ्रमण के लिए 1०92 टीमें बनाई गई हैं।

डीएम ने शहर का भ्रमण कर लिया सड़क व नालों का जायजा

डीग में झमाझम बारिश के बाद डीएम ने शहर का भ्रमण कर लिया सड़क नालों का जायजा लिया।

डीग, (निसं)। जिले में मॉनसून की शुरुआत अच्छी हुई है। लगातार हो रही बारिश से किसानों के चेहरों पर खुशी की लहर छा गई है। लंबे समय से गर्मी की मार से जूझ रहे आमजन को भी राहत मिली है। जिला कलेक्टर डीग श्रुति भारद्वाज ने रविवार को शहर में हुई बारिश के बाद डीग का भ्रमण किया एवं मौके पर जाकर साफ-सफाई और जलभराव का जायजा लिया।

जिला कलेक्टर भारद्वाज ने कामां बायपास, लाला भगवान दास, अऊ दरवाज़ा, वार्ड संख्या 5, मेला ग्राउंड एवं पाण्डेय मोहल्ला में पहुंचकर जलभराव की स्थिति को जाना। शहर में साफ-सफाई एवं जलभराव की स्थिति को पुख्ता करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे आवश्यक कार्रवाई कर व्यवस्थाओं को सुधारने का कार्य करे। उन्होंने किला सहित लाला वाला कुंडा की साफ सफाई कराने को भी कहा है।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आगामी वर्षा को देखते हुए अधिकारी नाली व कुंडो की साफ-सफाई कराए ताकि सड़कों पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न ना हो। भराव वाले स्थलों से पानी की निकासी के लिए आवश्यक मोटर पंपों की व्यवस्था और आवश्यक दवाईयों की पूर्ति के इंतजाम सुनिश्चित करने को भी कहा गया है। जिला कलेक्टर ने शहर के भ्रमण करने के पश्चात नगर परिषद डीग का भी निरीक्षण किया। कार्यों में लापरवाही बरतने पर एवं अनियमितता पाए जाने पर उपखंड अधिकारी डीग रवि गोयल को निर्देशित कर नगर परिषद आयुक्त मनोज मीणा को चार्जशीट देने के जरूरी दिशा निर्देश दिए गए है।

नगर परिषद में कंट्रोल रूम असक्रिय मिलने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने तत्काल कंट्रोल रूम को संचालित करने एवं वर्षाकाल में सूचना तंत्र को और अधिक सुदृढ मजबूत करने को कहा ताकि किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न हो।

सार-समाचार

कारागार परिसर में किया वृक्षारोपण

करौली, (निसं)। परिषद् के जिला समन्वयक राजेन्द्र दीवान ने बताया कि भारत विकास परिषद् के संस्थापक डा सूरज प्रकाश की जयंती से परिषद् के स्थापना दिवस 10 जुलाई तक सेवा पर्यावरण पखवाडा मनाया जा रहा है जिसके अन्तर्गत विभिन्न सेवा कार्य तथा वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है। पर्यावरण प्रकल्प प्रभारी दिनेश सेठी ने बताया कि कारागार अधीक्षक रामावतार शर्मा के नेतृत्व में जेल कर्मियों,परिषद के जिला समन्वयक राजेन्द्र दीवान,सचिव कमलाकांत,वित्त सचिव अरविन्द अग्रवाल,अभय शास्त्री व स्काउटर पार्थसार्थी शुक्ला ने अनेक फल,फूल,हैज व छायादार पौधे रोपित किए एग। जेल के मुख्य प्रहरी व कार्यवाहक जेलर जगदीश शर्मा,प्रहरी अनिल कुमार, जाप्ता प्रभारी कमलेश मीना व हैड कांस्टेबल वशीरखान ने रोपित पौधों के पालन पोषण व सुरक्षा की जिम्मेदारी ली।

भाजपाईयों ने सुनी मन की बात

करौली, (निसं)। करौली जिला मुख्यालय सहित आस पास के ठामीण क्षेत्रों में भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओ ने आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन कि बात कार्यक्रम मे उपस्थित रहे कर बात सुनी। रविवार को कुड़गांव के राम जी मंदिर परिसर में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 111 वें एपिसोड को भाजपा जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया की अध्यक्षता एवं सपोटरा विधायक हंसराज मीणा के आथित्य में सैकड़ो आमजन एव भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सुना गया। इस अवसर पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण चौधरी,भाजपा महिला मोर्चा जिला संयोजक विद्या वैष्णव,भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष नेहरू सिंह गुर्जर,भाजपा के कुड़गांव मंडल अध्यक्ष रूपसिंह मीणा,महामंत्री शेरसिंह जाट,पंचायत समिति सदस्य कुड़गांव नीरज घनघोर,पंचायत समिति सदस्य विमलेश मीणा,कुड़गांव सरपंच प्रतिनिधि गिर्राज ठेकेदार,महमदपुर सरपंच प्रतिनिधि शिवजी वैष्णव,बृजलाल मीना ठेकेदार मंडावरा, नेहरू गुर्जर, लवकुश सैन, बनवारी सैनी, रामनिवास मीणा मंडावरा, मोनू प्रजापत, कैलाश पाराशर, अतर सिंह चौधरी, मोनू पांडे, रोहित गोयल,मदन मोहन शर्मा मकनपुर, महेश पुजारी, सत्येंद्र वैष्णव आदि मौजूद रहे।इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन कि बात कार्यक्रम जिला मुख्यालय स्थित बुथ न,108 व 109 पर पुर्व जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद दामोदर भारद्वाज के मकान पर सुनी जिसमें मुख्य रुप से मन की बात के संयोजक जिला उपाध्यक्ष सुरेश शुक्ला,वरिष्ठ कार्यकर्ता सुनील भारद्वाज, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मानप्रकाश शुक्ला, बूथ अध्यक्ष महेश सालौत्री, मनोज शर्मा, विजय पाराशर,टीकम शर्मा, कमलेश पाराशर,सोसल मीडिया जिला सहयोजक किसान मोर्चा,मुकेश सोनी आदि कार्य कर्ता मौजुद रहे। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण शहर मंडल की 6 शक्ति केदो पर देखा गया।

अखलेश व शर्मा अधीक्षक नियुक्त

करौली, (निसं)। निदेशालय चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सेवाऐ राजस्थान जयपुर ने एक सूची जारी करते हुए करौली सामान्य चिकित्सालय के दो नर्सिंगकर्मी मोहन लाल शर्मा एवं अखलेश गुप्ता को नर्सिंग अधीक्षक पद पर पदोन्नती दी है। निदेषक अराजपत्रित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाए राजस्थान जयपुर राकेष कुमार शर्मा ने एक आदेष जारी करते हुए बताया कि विभागीय पदोन्नती समिति कि बैठक 21 फरवरी 2024 कि सिफारिस के आधार पर निदेशालय के आदेष के द्वारा कर्मचारियो का चयन सीनियर नर्सिंग ऑफीसर से नर्सिंग अधीक्षक के पद पर किया जाकर पदोन्नत किया गया है। जिस आदेष सूची मे करौली सामान्य चिकित्सालय के नर्सिंगकर्मी अखलेष गुप्ता,मोहन लाल शर्मा को पदोन्नत करते हुए नर्सिंग अधीक्षक के पद पर लगाया गया है। ज्ञात रहे कि करौली चिकित्सालय मे नर्सिंग अधीक्षक के 3 पद स्वीकृत है जिनमे से एक पद पर रमेष चंद गुप्ता पूर्व से ही पद स्थापित है। वही रिक्त चल रहे 2 पदो पर अखलेष गुप्ता और मोहन लाल शर्मा को पदोन्नती देते हुए नर्सिंग अधीक्षक के पद पर लगाया गया है।

निमंत्रण पत्र का किया विमोचन

भरतपुर, (निसं)। अग्रवाल भवन खिरनी घाट भरतपुर पर भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा समिति की बैठक संरक्षक संजीव गुप्ता एवं अध्यक्ष मोहन मितल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। महामंत्री महेषचंद सिंघल ने बताया कि 10 जुलाई को भरतपुर में निकलने वाली रथयात्रा को दिव्य, भव्य एवं भक्तिमय बनाने हेतु विस्तृत रूप से चर्चा की गई। इस्कॉन वृन्दावन से आने वाले विषिश्ट रथ को पुश्प पत्र हारों से विषेश रूप से सजाया जावेगा। भगवान जगन्नाथ जी, भाई बलराम जी एवं बहिन सुभद्रा जी का आकर्शक एवं मनमोहक वस्त्रों से श्रृंगार किया जावेगा। मलयागिरी चंदन अर्पित कर इत्र आदि सुगंधित द्रव्यों का छिडकाव किया जावेगा। इस झांकी के सुखद दर्षन द पार्क होटल में प्रातः 10 बजे होगा। वृन्दावन से 3 बसों द्वारा विदेषी भक्तों का आगमन होगा। जिनका भावपूर्ण हरिनाम संकीर्तन मनोहारी नृत्य भक्तिमय वातावरण से सराबोर करेगी। भगवान को 56 प्रकार के व्यंजनों के भोग झांकी सजीव झांकियां चार घोडों पर आरूण संतों को दर्षन विषेश आकर्शण होगा। भगवान जगन्नाथ का कृपा पूर्ण आर्षीवाद अधिक से अधिक भक्त प्राप्त कर सकें इसके लिए आमंत्रण पत्र भी छपवाया गया है जिसका विमोचन बैठक में उपस्थित पदाधिकारी एवं भक्तों के द्वारा किया गया एवं जन सम्पर्क कर अधिक से अधिक लोगों को जानकारी दी जावेगी। रथ यात्रा मध्यांह 12 बजे होटल द पार्क से प्रारम्भ होकर सारस चौराहा, बिजली घर, मथुरा गेट, गंगा मंदिर, लक्ष्मण मंदिर कुम्हेर गेट, तोप सर्किल होती हुई जय षिव मैरिज होम में समाप्ति होगी।

कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, करौली (राज.)

Email ID pgcollegekarauli@gmail.com Phone No. 07464250023

क्रमांक : प.1 ( ) स्था/रामक/2024/3120 दिनांकः- 28.06.2024

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान के पत्र क्रमांक एफ 1 (02)विद्या सम्बल/आकाशि/गे.फै./दिशा निर्देश/21-00638/पार्ट-1/ राजकाज नम्बर 8029676 दिनांक 21 जून, 2024 एवं वित्त विभाग द्वारा क्रमांक पह (2) वित्त/सा.वि.ले.नि./2021 दिनांक 30.03.2021 एवं 07.08.2023 की अनुपालना में निम्नांकित राजसेस महाविद्यालयों की अध्ययन व्यवस्था हेतु बी.ए. पार्ट प्रथम (सेमेस्टर- प्रथम) एवं बी.ए. पार्ट द्वितीय (सेमेस्टर- तृतीय) व बी.ए. पार्ट तृतीय तथा स्नात्कोत्तर के अध्यापन कार्य के लिए राज्य सरकार द्वारा घोषित "विद्या संबल- योजना के अन्तर्गत 24 सप्ताह अथवा 28 फरवरी 2025 जो भी पहले हो हेतु (अधिकतम 14 साप्ताहिक घण्टे के अनुसार) गेस्ट फैकल्टी योजना के अन्तर्गत 800/- रूपये प्रति कालांश मानदेय के आधार पर गेस्ट फैकल्टी (पूर्णतया अस्थाई) के रूप में राजसेस के अधीन संचालित निम्न महाविद्यालयों के सम्मुख अंकित विषयों में अध्यापन कार्य कराने हेतु दिनांक 06 जुलाई, 2024 सायं 3.00 बजे तक ऑफलाईन माध्यम से नोडल, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, करौली मे आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते हैं।

अध्यापन कार्य कोटा विश्वविद्यालय कोटा द्वारा निर्धारित प्रथम व तृतीय सेमेस्टर व बी.ए. पार्ट तृतीय एवं स्नात्कोत्तर के लिए किया जाना है।

विषय	राजकीय कन्या महाविद्यालय, करौली	राजकीय कन्या महाविद्यालय, कटकड	राजकीय महाविद्यालय, मासलपुर
	पद	पद	पद
इतिहास	1	1	–
भूगोल	1	1	1
गणित	1	–	–
भौतिकशास्त्र	1	–	–
अर्थशास्त्र	–	–	1
हिन्दी साहित्य	–	1	1
अंग्रेजी साहित्य	–	1	1
राजनीतिशास्त्र	1	1	–
लोक प्रशासन	–	1	–
गृह विज्ञान	–	1	–